# अध्याय - 6 | हमारे आस-पास की सामग्री

QUIZ PART-02

1. **समान गुणों के आधार पर वस्तुओं को समूहों में बाँटना क्या कहलाता है?**
   A. अवलोकन
   B. वर्गीकरण
   C. निर्माण
   D. चयन (B)

*व्याख्या :* समान गुण वाली वस्तुओं को एक समूह में व्यवस्थित करने की प्रक्रिया वर्गीकरण कहलाती है।

2. **वर्गीकरण किस आधार पर किया जाता है?**
   A. समान गुणों
   B. वस्तुओं की कीमत
   C. वस्तुओं के नाम
   D. उपयोगकर्ता की आयु (A)

*व्याख्या :* वस्तुओं की समानताओं और गुणों को देखकर उन्हें समूहों में रखा जाता है।

3. **वर्गीकरण से सामग्री के अध्ययन में क्या होता है?**
   A. कठिनाई बढ़ती है
   B. अध्ययन आसान होता है
   C. गुण बदल जाते हैं
   D. सामग्री नष्ट होती है (B)

*व्याख्या :* व्यवस्थित समूहों के कारण सामग्रियों को समझना और उनका अध्ययन करना सरल हो जाता है।

4. **वर्गीकरण किसे पहचानने में सहायता करता है?**
   A. केवल आकार
   B. केवल रंग
   C. समानताएँ और भिन्नताएँ
   D. केवल कीमत (C)

*व्याख्या :* वर्गीकरण द्वारा वस्तुओं के समान और अलग-अलग गुणों की पहचान की जाती है।

5. **वस्तु के लिए उपयुक्त सामग्री चुनने में क्या सहायक है?**
   A. वर्गीकरण
   B. रंगाई
   C. गिनती
   D. पैकिंग (A)

*व्याख्या :* वर्गीकरण से सामग्रियों के गुण समझ आते हैं और सही सामग्री चुनना आसान होता है।

6. **मनुष्य निम्न में से किसका वर्गीकरण करते हैं?**
   A. पौधों का
   B. जानवरों का
   C. चट्टानों का
   D. उपरोक्त सभी का (D)

*व्याख्या :* मनुष्य केवल सामग्रियों का ही नहीं, बल्कि पौधों, जानवरों और चट्टानों का भी वर्गीकरण करते हैं।

7. **सजीव और निर्जीव वस्तुओं का वर्गीकरण किस आधार पर होता है?**
   A. गुणों के आधार पर
   B. कीमत के आधार पर
   C. संख्या के आधार पर
   D. स्थान के आधार पर (A)

*व्याख्या :* सजीव तथा निर्जीव वस्तुओं को उनके विशेष गुणों के आधार पर अलग-अलग समूहों में रखा जाता है।

8. **सामग्री का चयन मुख्य रूप से किस पर निर्भर करता है?**
   A. केवल रंग पर
   B. गुण और प्रयोजन पर
   C. केवल आकार पर
   D. केवल द्रव्यमान पर (B)

*व्याख्या :* किसी वस्तु के लिए सामग्री चुनते समय उसके गुण और वस्तु के उपयोग को ध्यान में रखा जाता है।

9. **गिलास की सामग्री में कौन-सा गुण होना चाहिए?**
   A. जल को धारण करना
   B. जल में घुलना
   C. बहुत मुलायम होना
   D. जल को बाहर निकालना (A)

*व्याख्या :* गिलास ऐसी सामग्री से बनना चाहिए जो पानी को अपने अंदर रोक सके।

10. **पेन बनाने में निम्न में से किसका उपयोग होता है?**
    A. प्लास्टिक, धातु और स्याही
    B. लकड़ी, कपास और जल
    C. मिट्टी, तेल और काँच
    D. पत्थर, ऊन और कागज (A)

*व्याख्या :* अनुसार पेन के विभिन्न भाग प्लास्टिक, धातु और स्याही से बने होते हैं।

DESH KA APNA SCHOOL